दिनांक : 28.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से देश की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की हैं प्रधानमंत्री ने आज आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम मन की बात की 126वीं कड़ी में जनता को संबोधित कियां श्री मोदी ने आने वाले त्यौहारों के मौसम को देखते हुए देशवासियों से वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मंत्र बनाने का आग्रह कियां इससे कारीगरों की मेहनत का सम्मान होगा और युवा उद्यमियों के सपनों को पंख लगेंगें प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर का जिक्र करते हुए कहा कि गांधी जी ने हमेशा स्वदेशी अपनाने पर जोर दियां खादी उसमें प्रमुख हैं उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में खादी का आकर्षण काफी बढ़ गया हैं श्री मोदी ने गांधी जयंती पर सभी से खादी उत्पाद खरीदने की अपील कीं

......................................................................

प्रधानमंत्री ने नौसेना की दो बहादुर महिला अधिकारियों की उपलब्धि की चर्चा की, जो नाविक सागर परिक्रमा के दौरान आठ महीने तक समुद्र में रहीं उन्होंने कहा कि देश की बेटियां आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं

......................................................................

प्रधानमंत्री ने महान क्रांतिकारी भगत सिंह और सुर कोकिला लता मंगेशकर की जयंती पर उनका स्मरण कियां उन्होंने कहा कि ये सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहे हैं श्री मोदी ने भूपेन हजारिका के लोकप्रिय गीत मानुहे मनुहोर बाबे को सिंहला और तमिल भाषाओं में सुनायां प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक रूप से सुना गयां सवाईमाधोपुर में चौथ का बरवाड़ा, शिवाड़, खंडार और गंगापुर सिटी सहित कई जगह सार्वजनिक स्थानों पर लोगों ने मिलकर ये कार्यक्रम सुनां

......................................................................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज डीग जिले में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होंगें मुख्यमंत्री नवरात्रि के अवसर पर जड़खोर गोधाम में आयोजित होने वाले श्रीकृष्ण–बलराम गो–आराधन महोत्सव में शिरकत करेंगें वे पूंछरी में श्रीनाथ जी मंदिर और मुकुट मुखारविंद मंदिर में पूजा अर्चना करेंगें
इससे पहले मुख्यमंत्री आज प्रतापगढ़ पहुंचें उन्होंने अंबा माता का खेड़ा में पूर्व मंत्री नन्दलाल मीणा की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दीं इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक भी मुख्यमंत्री के साथ रहें भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री श्री मीणा का लम्बी बीमारी के बाद कल अहमदाबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया थां

......................................................................

जयपुर में आज ग्रीन फिट इंडिया मैराथन रखी गईं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस मैराथन को विद्याधर नगर क्षेत्र से रवाना कियां इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने सभी से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और साफ–सफाई रखने का आग्रह कियां उन्होंने लोगों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की अपील कीं

......................................................................

आज विश्व रेबीज़ दिवस हैं ये दिन रेबीज़ की रोकथाम और इस घातक बीमारी के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता हैं इस वर्ष की थीम अभी कार्य करें, आप मैं, समुदाय रखी गई हैं इसी कड़ी में हनुमानगढ़ के नोहर में बेसहारा श्वानों और बिल्लियों का एंटी रेबीज़ टीकाकरण किया गयां अलवर में भी इस मौके पर पशु चिकित्सालयों में श्वानों को निःशुल्क टीके लगाये जा रहे हैं

......................................................................